के और औद्योगिक परिसरों की स्थापना करने का विचार रखता है;

(घ) यदि हां, तो इन उद्योग परिसरों को कहां-कहां स्थापित किए जाने का विचार है; और

(ङ) इन परिसरों द्वारा कब तक अपना कार्य शुरु कर दिये जाने की संभावना है?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) जी, हां।

(ख) खनिज एवं धातु व्यापार निगम ने झंडेवालान, नई दिल्ली में एक शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुख आभूषण विनिर्माण कांपलेक्स थापित किया है।

(ग) जी हां।

(घ) और (ङ) खनिज एवं धातु व्यापार निगम ने कलकत्ता में साल्ट लेक एरिया में एक शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुखी कांप्लेक्स स्थापित करने के लिए जमीन ले ली है। भवन निर्माण तथा बुनियादी संरचना संबंधी सुविधाएं पूरी हो जाने पर इस कांप्लेक्स के तीन वर्ष में पूरा हो जाने की आशा है।

चावल और अन्य खाद्यान्नों की निर्यात-प्रक्रिया का सरलीकरण

60. **श्री अजीत जोगी:**
कुमारी सुशीला तिरिया:

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चावल और अन्य खाद्यान्नों की निर्यात-प्रक्रिया को हाल ही में सरल बनाया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) भारत से चावल और अन्य खाद्यान्नों का मुख्यत: आयात करने वाले देशों के नाम क्या हैं?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद): (क) जी, हां।

(ख) गैर-बासमती चावल तथा कुछ अन्य खाद्यान्नों को खुला सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत लाया गया है और उनके निर्यात की अनुमति कृषि तथा प्रसंस्करण खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा जारी पंजीकरण-सह-आबंटन प्रमाण-पत्र के आधार पर दी जाती है। अब निर्यात लाइसेंस लेने की कोई आवश्यकता नहीं है।

(ग) भारत से खाद्यान्नों के प्रमुख आयातक देश ये हैं: संऊदी अरब के मध्य-पूर्व देश, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, बेहरीन तथा जोर्डन। इसके अलावा सोवियत संघ, यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देश, कोरिया लोकतंत्रीय जनवादी गणराज्य तथा नेपाल भी भारी मात्रा में खाद्यान्न का आयात करते हैं।

इस्राइल के साथ व्यापार-समझौता

61. **डा० रत्नाकर पाण्डेय**: क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का इस्राइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद उसके साथ किसी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद): (क) अभी तक ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं किया गया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Winding up of Office of Chief Controller of Import and Export

62. DR. RATNAKAR PANDEY:
SHRI BEKAL UTSAHI:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to wind up the office of the Chief Controller of Import and Export in the near future; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

चाय का निर्यात

63. **कुमारी आलिया**: क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा 1991-92 के वर्ष के दौरान विदेशों में कुल कितनी चाय का निर्यात किया गया है;

(ख) क्या सरकार विदेशों में भारतीय चाय की मांग को पूरा करने के लिए चाय के उत्पादन हेतु आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के लिए कोई योजना बना रही है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) अप्रैल, 1991 से दिसम्बर, 1991 तक की अवधि के दौरान भारत से 939.93 करोड़ रु० (अनन्तिम) मूल्य की 171.94 मिलियन किग्रा चाय निर्यात की गई।

(ख) और (ग) विदेशों में भारतीय चाय की मांग पूरी करने के लिए चाय उत्पादन बढ़ाने के वास्ते चाय की खेती करने की विभिन्न आधुनिक तकनीकों जैसे-उच्च पैदावार देने वाले क्लोनों का प्रयोग, सिंचाई प्रणालियों, आदि का पहले से ही क्रियान्वयन किया जा रहा है।